# छात्राओं ने डेंगू जागरूकता पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित करके आमजन को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर डेंगू जागरूकता पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई। ये प्रतियोगिताएं हमारा अपना फाउंडेशन एनजीओ के सहयोग से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हलवासिया विद्या विहार, जनसेवा स्कूल, बाल भवन पब्लिक स्कूल में करवाई गई।

इस अवसर पर छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व डेंगू जागरूकता रैली निकालकर आमजन को जागरूक किया। सिविल सर्जन ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति.पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. शांडिल्य ने बताया कि डेंगू दिवस के उपलक्ष पर उप स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा जारी थीम पर मनाया गया। उन्होंने बताया कि इसमें डेंगू जैसी जानलेवा बीमारियों से रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना, मच्छर पैदा होने वाले स्थानों को चिन्हित कर उनके लार्वा को खत्म करना,डेंगू से बचाव और रोकथाम और नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक करना डेंगू दिवस का मुख्य लक्ष्य है।



भिवानी। प्रतिभागियों को सम्मानित करते सीएमओ। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि संचरण का मौसम ;बरसाती मौसमद्ध शुरू होने से पहले देश में रोग नियंत्रण के लिए निवारक उपायों और तैयारियों को तेज करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की सिफारिश पर प्रतिवर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। भिवानी शहर में हलवासिया विद्या विहार जनसेवा स्कूल सब्जी मंडी बाल भवन पब्लिक स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 200 बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। इसी कड़ी में जिले भर की सभी सीएचसी, पी एचसी व उपस्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। महामारी के दौरान मच्छर जनित बीमारियों से रोकथाम बचाव और नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्य योजना अपनाकर अपने घर से शुरुआत करके ही डेंगू जैसी जानलेवा बीमारियों पर रोकथाम लगा सकते हैं। डेंगू की बीमारी एक प्रोटोजोआ कीटाणु के एडीज मच्छर द्वारा वाहक के रूप में संक्रमित व्यक्ति को मच्छर द्वारा काटने और स्वस्थ व्यक्ति के रक्त में छोड़ने के कारण होती है।

### बचाव और लक्षण बताए

डेंगू के लक्षण अचानक तेज सिर दर्द व बुखार का होना, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द जो कि आंखों को घुमाने से बढ़ता है, जी मिचलाना और उल्टी आनाए गंभीर मामलों में मुंह मसूड़ों से खून आना अन्यथा त्वचा पर चकत्ते उभरना आदि शामिल है। डेंगू के बचाव के उपाय. डेंगू फैलने वाला मच्छर साफ खड़े हुए पानी में पनपता है। घर में या आसपास कहीं पानी जमा है जैसे कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने का पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे एफूलदान, नारियल का खोल,टूटे हुए बर्तन व टायर इत्यादि में तो नियमित तौर पर साफ. सफाई करते रहें। किसी भी प्रकार की कोई भी दवा स्वयं ना लें। आमजन को अपना इलाज केवल और केवल सरकार के राजकीय नागरिक अस्पताल में या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अस्पताल में करवाने बारे जागरूक करें कि डेंगू के उपचार के लिए अभी तक कुछ खास दवा या वैक्सीन नहीं है इसका केवल लक्षण के आधार पर उपचार किया जाता है।।अपना उपचार नीम हकीम, झोला छाप से ना करवाएं। एक कहावत भी है कि नीम हकीम खतरा ए जान।

### गंबूजिया मछली डालने का अभियान जारी

उप सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर गांव के तालाबों में गंबूजिया मछली डालने का अभियान चलाया गया है। जिले के सभी एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में घर.घर जाकर लोगों को जागरुक करने का कार्य कर रहे हैं। आमजनता से भी अनुरोध करते हुए कहा है कि डेगूं दिवस के लिए जागरूकता अभियान चलाए तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग करें। इस दौरान राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रिंसिपल पुष्पलता, हालुवासिया स्कूल के प्रिंसिपल विमलेश आर्य, जनसेवा स्कूल के प्रिंसिपल अमित नारू, बायोलॉजिस्ट नवीन कुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक जगदीश प्रसाद, स्वास्थ्य निरीक्षक सज्जन कुमार, सुनील कुमार सहित सभी स्कूलों का समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित थे। वहीं हमारा अपना फाउंडेशन के संस्थापक सचिन जैन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हम आम जनता को सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों में जागरूकता रैली, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आदि के द्वारा समय.समय पर सहयोग करके जागरुक करते रहते हैं।

---

किसी स्कूल में एक तो किसी में दो शिक्षकों पर बच्चों को पढ़ाने का दायित्व

# आधे से ज्यादा शिक्षकों पर बीएलओ की जिम्मेदारी, स्कूलों से किए रिलीव

- घर-घर जाकर पर्चियां देने की जिम्मेदारी सौंपी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हर तरफ चुनावी माहौल बना है। कोई चुनावी प्रचार में जुटा है तो कोई चुनावी ड्यूटी में है। प्राइमरी स्कूलों में तैनात शिक्षक भी इस ड्यूटी से अछूते नहीं है। अधिकांश प्राइमरी टीचरों की बीएलओ की जिम्मेदारी दी हुई है और अब उनको घर घर जाकर मतदाताओं के नामों की पर्चियां वितरण करने की जिम्मेदारियां सौंपी गई है। उक्त कार्य में आधे से ज्यादा प्राईमरी टीचरों की ड्यूटी लगाई गई है। शिक्षकों के रिलीव करने के बाद अब आधे से कम ही टीचर स्कूलों में रह गए है। जिन पर बच्चों को पढाने की जिम्मेदारी है। कई स्कूल तो ऐसे है जिनमें दो ही शिक्षक नियुक्त है और उनमें से एक शिक्षक की बीएलओ में डयूटी दी गई। ऐसे में दूसरे शिक्षक की भी क्लासें



भिवानी। स्कूल में बच्चों को पढ़ाता एक शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

पहले वाले शिक्षक को ही पढ़ानी होगी। बताते है कि उपायुक्त के निर्देशों के बाद सभी बीएलओ को स्कूल से रीलिव करके चुनावी डयूटी का कार्य दे दिया है। अब वे घर घर जाकर मतदाताओं को उनके नामों की पर्चियां आदि वितरित कर रहे है। यही नहीं कि वे चुनावी आमंत्रण पत्र देर लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए जागरूक करने की जिम्मेदारी भी दी जा रही है। जिन शिक्षकों की डयूटी बीएलओ में लगी है। उन शिक्षकों की अब हाजिरी चुनावी कार्यालय में लगवाई जा रही है। हाजिरी लगने के बाद तत्काल उनको संबंधित इलाके में चुनावी पर्चिया वितरित करने के लिए भेजा जा रहा है। शाम तक टीचर संबंधित इलाकों में मतदाताओं को पर्चियां वितरित कर रहे है।

### बच्चों की पढाई हो रही है प्रभावित

शिक्षकों की चुनावी डयूटी आने के बाद स्कूलों में बच्चों की पढाई व उनके दाखिले प्रभावित हो रहे है। क्योंकि इसी वक्त स्कूलों में बच्चों के दाखिले चल रहे है। साथ ही बच्चों की गर्मी की छुट्टियां शुरू होने से पहले निर्धारित सिलेबस करवाना निहायत जरूरी होता है। सिलेबस पूरा होने के बाद ही बच्चों को उसी सिलेबस के आधार पर ही बच्चों को होमवर्क दिया जाता है,लेकिन इस बार बच्चों को गर्मी की छुट्टियों से पहले का कार्य पूरा नहीं हो पाएगा। क्योंकि अधिकांश स्कूलों के जेबीटी टीचर चुनावी डयूटी पर है और वे किस तरह से सिलेबस को पूरा करवाएंगे। यह स्थिति किसी एक स्कूल की नहीं बल्कि अधिकांश प्राइमरी स्कूलों में बनी हुई है। दूसरी तरफ लू के थपेड़ों व झुलसाने वाली गर्मी की वजह से स्कूलों में बच्चों को पढाना व रोक पानी बेहद मुश्किल हो रहा है। यहां यह बताते चले कि जो वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल डबल शिफ्ट में लग रहे है। उन स्कूलों के बच्चे को दोपहर पौने एक बजे स्कूलों में बुलाया जा रहा है,जबकि सुबह की पारी में नौ बजे से लेकर दोपहर 12 बजे कक्षाएं लग रही है।

---

# डीएवी पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत, कोमल सोलंकी टॉपर



भिवानी। बेहतरीन परीक्षा परिणाम आने पर शिक्षकों के साथ मेधावी।

- सीबीएसई बोर्ड परिणाम में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सीबीएसई बोर्ड ने बाहरवीं व दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम घोषित किया जिसमें डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल का बारहवीं व दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने अपनी प्राचार्या व अध्यापकवृन्द के साथ जश्न मनाया। बाहरवीं व दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों ने अपने प्राप्तांक देखते ही खुशी को जाहिर करने के लिए विद्यालय परिसर में आकर जश्न मनाया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या जगदीप कौर ने बताया कि दसवीं कक्षा में छात्रा कोमल सोलंकी ने 96 प्रतिशत अंक के साथ प्रथमए छात्र नित्या गौड ने 94 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान के साथ.साथ गणित विषय में 100 अंक प्राप्त कर व छात्र मयंक और छात्रा हिमानी ने 91प्6 अंक प्राप्त कर दोनों ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता.पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी प्रकार बारहवीं कक्षा के छात्र जतिन ने 91 प्रतिशत अंक लेकर नॉन मेडिकल में प्रथम, छात्र लक्ष्य ने 90.4 प्रतिशत अंक लेकर कामर्स में प्रथमए छात्रा मुस्कान ने 89 प्रतिशत अंक लेकर आर्ट्स में प्रथम स्थान व छात्र गुरदीप ने 85 प्रतिशत अकं लेकर मेडिकल में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता.पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर सभी अध्यापकवृन्द के साथ.साथ बच्चों ने अपनी खुशी का जश्न मनाया। जिसका श्रेय छात्रों ने विद्यालय के शिक्षकों को दिया।

### इन्होंने बढ़ाया गौरव

मेधावी छात्र.छात्राओं में कक्षा बारहवी से जतिन, लक्ष्य,मुस्कान, गुरदीप,मोहित, पायल, हिमानी, सार्थक गुप्ता, पूर्णिमा, साहिल, स्नेहा व दसवीं कक्षा से कोमल सोलंकी, नित्या गौड, मयंक, हिमानी, दीक्षा, रजत, हर्षिता शर्मा, योगिता शर्मा, प्रतीक कुमार, कनक, साक्षी, अभिनव गौतम, पायल दुहन, खुशी, मान्या, पूर्णिमा, असीन दुहन, तनिष्का सिंह, हर्ष सिंह को प्राचार्या ने उज्जवल भविष्य की कामना की और भविष्य में भी शिक्षकों को इसी प्रकार अथक परिश्रम से बच्चों को शिक्षा के साथ.साथ सांस्कारिक व नैतिक शिक्षा प्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर सभी अध्यापकवृन्द ने भी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर हार्दिक बधाई दी।

---

# पर्यावरण एवं भूमि संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : प्रो. काम्बोज

- 17वें विश्व एग्री-टूरिज्म दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। पर्यावरण व भूमि संरक्षण के लिए मौजूदा समय में पौधरोपण जरूरी है। पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प हम सभी को लेने की जरूरत है। हमारा कर्तव्य है कि पर्यावरण सुधार के लिए अधिक से अधिक सख्या में पौधरोपण करना चाहिए। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज गुरुवार को 17वें



हिसार। पौधरोपण करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य।

विश्व एग्री-टूरिज्म दिवस के अवसर पर एग्री-टूरिज्म सेंटर में पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पौधे हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और जीवन का आधार हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। प्रो. कम्बोज ने बताया कि एग्री-टूरिज्म सेंटर को स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य कृषि अनुसंधानों व प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना और प्रकृति को स्वच्छ रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना है। साथ ही एग्री-इको पर्यटन से लेकर शैक्षणिक मूल्यों के प्रति दूसरों को प्रेरित करना है। इसके अलावा स्कूलों व कॉलेजों के विद्यार्थियों को जैव-विविधता के बारे में जानने का भी अवसर मिलेगा। एग्री-टूरिज्म सेंटर (कृषि पर्यटन केंद्र) को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय लगातार प्रयासरत है।

### गल्ले से रुपये चोरी करने वालों को पकड़ा

हिसार। आदमपुर पुलिस ने चुली खुर्द स्थित शराब ठेके के गल्ले से रुपये चोरी के मामले में दो आरोपियों दड़ौली निवासी विक्रम और रवि कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सदलपुर निवासी बलवंत ने उपरोक्त आरोपियों पर उसके चुली खुर्द स्थित शराब के ठेके के गल्ले से नकदी चुराने का आरोप लगाते हुए आदमपुर थाना में शिकायत दी थी। पुलिस को दी शिकायत में बलवंत ने बताया कि वह ठेकदारी का काम करता है और उसके पास गांव चुली खुर्द में शराब देशी व अग्रेजी का शुद्या ठेका है। गत आठ मार्च की रात को दड़ौली निवासी विक्रम व एक अन्य ठेका पर आए और सेल्समैन से बातों बातों में ठेके के गल्ले से 3300 रुपये चुरा लिए। सेल्समैन द्वारा रोकने पर वे वहां से भाग गए।

# चित्रकला प्रतियोगिता का चार स्कूलों में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य पर स्कूलों में बच्चों और अध्यापिकाओं द्वारा डेंगू के प्रकोप से बचाव के लिए हमारा अपना फाउंडेशन और स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त रूप से शहर में जागरूक किया।

इस डेंगू दिवस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के डॉ. रघुबीर शांडिल्य सीएमओ ,डिप्टी सिविल सर्जन डा. कृष्ण, तथा जगदीश की स्वास्थ्य टीम के सदस्य ,हमारा अपना फाउंडेशन, के संस्थापक सचिन वर्धमान तथा अन्य मेंबर्स मौजूद रहे । इस कार्यक्रम को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक व हलवासिया विद्या विहार के बच्चों



भिवानी। हालवासिया स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व बच्चे।

द्वारा डेंगू चित्रकला प्रतियोगिता में डेंगू के बीमारियों से बचाव हेतु आह्वान किया । चित्रकला के माध्यम से अपने आस पास गन्दगी न फैलाएं व घरों में गन्दा पानी जमा न होने दें ताकि लार्वा उत्तपन्न न हो सके और मच्छर पनपकर न काटें। इस तरह की सावधानी बरतने का उद्देश्य दिया। इस मौके पर सिविल सर्जन ने हमारा अपना फाउंडेशन के अध्यक्ष सचिन वर्धमान द्वारा जागरूकता को सुविधाएं मुहैया करवाने पर धन्यवाद किया। साथ ही साथ ड़ेंगू जैसी बीमारियों से बचने के लिए लोगो से सावधानी बरतने को कहा।

इसमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हलवासियां विद्या विहार, बाल भवन पब्लिक स्कूल, ब्लू बर्ड ग्लोबल स्कूल गुजरानी से 96 छात्रों ने डेंगू चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया । उतीर्ण बच्चों को मेडल तथा चित्रकला प्रतियोगिता का प्रशस्ती पत्र देकर सीएमओ द्वारा सम्मानित किया गया। सभी बच्चों की चित्रकला काफी काबिले तारीफ थी। हमारा अपना फाउंडेशन के संस्थापक सचिन जैन नें सभी को सरकारी अस्पतालों के अच्छे डॉ. की टीम द्वारा निशुल्क सेवाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया।

### बालसमंद का अधिकतम पारा 45 के पार

हिसार। प्रचंड गर्मी के कारण लोग बेहाल हो चुके हैं। दिन के समय सड़कों पर आवागमन कम होने लगा है। हिसार और आसपास के क्षेत्रों में दिन और रात के तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है। भीषण आग उगलने वाली गर्मी से आमजन का दिन और रात का चैन छीन लिया है और आमजन घरों में रहने के लिए मजबूर हैं। दोपहर बाद सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। हिसार से गांव बालसमंद ज्यादा गर्म रहा। बालसमंद का अधिकतम पारा 45.2 डिग्री तथा हिसार का अधिकतम पारा 44.2 दर्ज किया गया।

### मकान से रुपये चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

हिसार। सिविल लाइन पुलिस ने फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित मकान से साढ़े 13 हजार रुपये चोरी के मामले में 12 क्वार्टर निवासी प्रिंस को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस संबंध में फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी अजीत ने शिकायत दी थी कि उसके पिता सेवानिवृत कर्मचारी है। उन्हें कम सुनाई देता है। उन्होंने कुछ पैसे बैंक से निकाले थे और 5 मई को उनके द्वारा रखे गए 9500 रुपये और 12 मई को उनके द्वारा घर पर रखे गए 4000 रुपये नहीं मिले। सीसीटीवी फुटेज देखने पर सामने आया कि एक लड़का उसके पिता का घर खोलने की कोशिश कर रहा है। उसी ने उसके पिता के घर से पैसे चोरी किए है। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन करते हुए प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया।

---

**मिलेगी सुविधा** 19 से 21 मई तक चलेगा मतदान अभियान, मतदान के लिए 20 पोलिंग पार्टियां गठित

# जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर बैठे मिलेगी मतदान की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से ही मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। घर बैठे पोस्टल बैलट पेपर के माध्यम से मतदान करवाने के लिए 20 पोलिंग पार्टियों का गठन किया गया है। जिले में कुल 916 ऐसे मतदाता हैं, जिन्होंने घर से मतदान करने की इच्छा जताई है। इनका मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तमाम प्रबंध पूर्ण कर लिए गए हैं। यह अभियान 19 से 21 मई को सुबह 7 बजे से सांय 6 बजे तक चलाया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने उक्त जानकारी स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में लोकसभा चुनाव की



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते चुनाव पर्यवेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी।

तैयारियों को लेकर आयोजित एक बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए दी। बैठक की अध्यक्षता सामान्य पर्यवेक्षक गोपाल चंद ने की। इस बैठक में पुलिस पर्यवेक्षक विशाल कुमार बलदेव भाई वाघेला, चुनाव व्यय पर्यवेक्षक वी पांडीराजा तथा रंजीत कुमार मधुकर ने भी अधिकारियों को चुनाव संबंधी दिशा-निर्देश दिए।

### 18 को दिया जाएगा प्रशिक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगे कहा कि 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले सभी इच्छुक मतदाताओं को घर बैठे मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा तमाम व्यापक प्रबंध पूर्ण कर लिए गए हैं। कुल 20 पोलिंग पार्टियां गठित की गई हैं, जिनमें से 3 को रिजर्व रखा गया है। पोलिंग पार्टियों में माइक्रो आब्जर्वर भी नियुक्त किए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से इन सभी पोलिंग पार्टियों के साथ पुलिस सुरक्षाकर्मी साथ रहेंगे। पोलिंग पार्टियों को जो वाहन उपलब्ध करवाए जाएंगे, वे सभी जीपीएस सिस्टम युक्त होंगे। उक्त वर्णित श्रेणी के मतदाताओं का मतदान निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए फोटो व वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। 18 मई को स्थानीय महावीर स्टेडियम में गठित पोलिंग पार्टियों में शामिल सभी सदस्यों को आवश्यक प्रशिक्षण भी उपलब्ध करवाया जाएगा। पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करवाया जाएगा। मतदान फार्म को सत्यापित करने के लिए टीम में एक-एक राजपत्रित अधिकारी को भी शामिल किया गया है। पोस्टल बैलेट पेपर रखने के लिए एक अलग से स्ट्रांग रूम भी बनाया गया है।

### चुनावी प्रबंधों की गहनता से की समीक्षा

चुनाव पर्यवेक्षक ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर हिसार संसदीय क्षेत्र में किए गए प्रबंधों की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता की अक्षरक्षः पालना करना सुनिश्चित करें। वाहनों की चेकिंग करे लेकर चलाए जा रहे अभियान में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर लगाए गए अस्थाई पुलिस नाकों पर स्टेटिक सर्विलांस की टीमें दिन के 24 घंटे लगातार निगरानी कर रही हैं। सभी नाकों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। बैठक में सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने एक-एक कर क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर किए गए प्रबंधों के संबंध में अवगत करवाया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, एसीयूटी कनिका गोयल, ईओ हुडा राजेश खोथ, चुनाव तहसीलदार जगदीप मान आदि अधिकारी उपस्थित रहे।



हांसी। लघु सचिवालय में स्थापित चुनाव कंट्रोल रूम में मौजूद कर्मचारी।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता को मतदान करना जरूरी : एसडीएम

हांसी। एसडीएम एवं सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी मोहित महराणा ने बताया कि मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाकर बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से भारतीय चुनाव आयोग की ओर से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर टर्निंग 18 व यू आर द वन जैसे अनूठे अभियानों के माध्यम से नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव का पर्व, देश का गर्व थीम के साथ जागरूकता पहल की शुरुआत की गई है, जिसके माध्यम से पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं को विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता का मतदान करना जरूरी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से मतदाताओं को बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सभी मतदाताओं से बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की। एसडीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिन अधिकारियों को जो जिम्मेदारियां दी गई हैं, वह उनका सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, लगन और तत्परता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु मतदाताओं की सुविधा के लिए 1950 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है इसके अतिरिक्त हांसी उपमंडल परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका हेल्पलाइन नंबर 01663-254210 है, जो 24 घंटे चालू रहता है और इसके लिए पर्याप्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाईं गयी है।

## खबर संक्षेप



भिवानी। बच्चों को डेंगू से बचाव के टिप्स देते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो: हरिभूमि

### हिंदू स्कूल में बच्चों को डेंगू से बचाव के दिए टिप्स

चरखी दादरी। हिन्दू स्कूल कादमा में विश्व डेंगू दिवस मनाया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों को डेंगू की रोकथाम के बारे तथा डेंगू मच्छर से होने वाली बीमारी के बारे में बताया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि ये गंभीर फ्लू जैसी बीमारी है, जो जानलेवा साबित हो सकती है। डेंगू के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के मकसद से हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि घर के समीप पानी एकत्रित न होने दें और कूलर व टंकी के पानी नियमित बदलें।



चरखी दादरी। कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### खुशी फैलाता है पीला रंग : भारद्वाज

चरखी दादरी। बिरहीकलां स्थित बीआर आदर्श वमा विद्यालय में यैलो डे मनाया। कार्यक्रम में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन रेनू, कविता व सुमन की देखरेख में किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रंगों की पहचान करवाना एवं महत्व समझाना था। इस दौरान स्कूल के चैयरमैन कृष्ण भारद्वाज ने बताया कि पीला रंग खुशी का प्रतीक है, जो खुशी, आशावाद एवं रचनात्मकता फैलाता है।

### भीम स्टेडियम में योगा ओलंपियाड का आयोजन

# खंड स्तरीय योगा ओलंपियाड में छाए नौरंगाबाद मिडल स्कूल के विद्यार्थी

■ योगा ओलंपियाड में लड़के व लड़कियों ने दिखाई खेल प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भीम स्टेडियम में गुरुवार को खंड स्तरीय योगा ओलंपियाड का आयोजन किया, जिसमें खंड के सरकारी, सरकारी एडिड व सीबीएसई से संबंधित स्कूलों की छठी से आठवीं कक्षा तक लड़के लड़कियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर ने किया। प्रतियोगिता में नौरंगाबाद राजकीय मिडल स्कूल की तीन लड़कियों व दो लड़कों ने खेल प्रतिभा के दम पर अपना स्थान बनाया। उल्लेखनीय हैं कि स्टेडियम में खंड स्तरीय योगा ओलंपियाड़ का शुभारंभ बीईओ तंवर ने किया। बीईओ तंवर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल से मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसके साथ साथ खेल खेलने से शरीर स्वस्थ रहता हैं और बीमारियों से भी छुटकारा मिलता हैं। उन्होंने कहा कि खेल में अनुशासन व निमयों का बहुत अधिक महत्व होता हैं, इसलिए बच्चों को खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए, जिससे खेल की मर्यादा बनी रहे। योगा प्रतियोगिता कन्वीनर एवं प्रवक्ता मदन गोपाल की देखरेख में हुई।



भिवानी। भीम स्टेडियम में खंड स्तरीय योगा ओलंपियाड में अपनी प्रतिभा दिखाती विभिन्न स्कूलों की छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

#### ये रहे परिणाम

योगा ओलंपियाड की कक्षा छठी से आठवीं की लड़कियों में डीएवीपीपीएस ने इशिका प्रथम, एसआरएस की मानसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं नौरंगाबाद के राजकीय मिडल स्कूल की छात्रा सोनाक्षी, नेहा व दीपिका ने क्रमश: तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त किया तथा हलवासिया विद्या विहार की दीपिका ने छठा स्थान हासिल किया। वहीं लड़कों के छठी से आठवीं कक्षा में डीएवीपीपीएस के विहान ने पहला, नौरंगाबाद के राजकीय मिडल स्कूल के छात्र ध्रुव व सोहन ने क्रमश: दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं एसआरएस के दिपांशु ने चौथा व हलवासिया विद्या विहार के दीपेश ने पांचवा स्थान हासिल किया।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नौरंगाबाद राजकीय मिडल स्कूल के पीटीआई मोतीलाल जांगड़ा, पीटीआई रणबीर सिंह, प्रोमिला, सुनीता, शारदा, सुधीर मलिक, अंजु लोहान, मधु व योगाचार्य रेनु वर्मा आदि मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत चांदवास ने चुनाव आयोग को भेजा पत्र

■ मतदान किए हुए व्यक्ति को पोलिंग बूथ से 100 मीटर दूर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़डा

निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए चांदवास ग्राम पंचायत ने हरियाणा चुनाव आयोग सहित संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने मांग की है कि पोलिंग बूथ के आसपास टेंट आदि लगाकर शराब व पैसे बांटने से रोका जाए और मतदान करने वाले लोगों को बूथ के 100 मीटर दायरे से दूर रहने के इंतजाम किये जाये। बता दे कि चांदवास ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा सहित जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी चरखी दादरीए पुलिस अधीक्षक चरखी दादरीए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बाढ़डा को पत्र भेजा है। इस पत्र पर ग्राम पंचायत चांदवास की मोहर के अलावा सरपंच प्रदीप कुमारए बीडीसी सुनील कुमार, पूर्व बीडीसी राकेश कुमारए सूबेदार सोमवीर सिंहएराजेश कुमार आदि लोगों ने हस्ताक्षर किए है। इस पत्र के माध्यम से अवगत करवाया गया है कि गांव में लोकसभा चुनाव के लिए गांव के सरकारी स्कूल में दो पोलिंग बूथ है।

#### लड़ाई- झगड़े की आशंका को देखते हुए लिखा पत्र: बीडीसी

बीडीसी सदस्य सुनील कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान अक्सर तनातनी का माहौल रहता है। लड़ाई झगड़े की आशंका को देखते हुए व मतदाता को प्रभावित ना किया जा सके इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए पत्र लिखा गया है।

बीते दिनो पंचायत चुनाव के दौरान अधिकारियों से निवेदन किया था कि मतदाता द्वारा वोट डालने के बाद कोई भी व्यक्ति पोलिंग स्टेशन के 100 मीटर के दायरे में ना रहे। उस दौरान चुनाव अधिकारी द्वारा चुनाव अच्छे ढंग से संपन्न करवाए गए थे और मतदाता वोट डालने के बाद सड़क पार पोलिंग बूथ से दूसरी ओर खड़े हुए थे। अब भी मांग की गई है कि एजेंट के अलावा कोई भी व्यक्ति वोट डालने के बाद पोलिंग बूथ पर ना रहे ताकि चुनाव निष्पक्ष हो सके और कोई व्यक्ति अपने रसूक व प्रभाव का इस्तेमाल कर मतदाता को प्रभावित ना कर सके। पत्र में ये भी लिखा गया है कि विगत में चुनाव के दौरान कुछ प्रभावशाली लोग शराब व पैसे का लालच देकर मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करते आए हैं।

# 10-10 मतदान केंद्रों का होगा वेबकास्टिंग

■ जिला में 40 मतदान केंद्रों का होगा वेबकास्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के दौरान सुरक्षा की दृष्टिगत वेबकास्टिंग निगरानी की जाएगी। लोकसभा चुनाव.2024 के दौरान जिला भिवानी में 40 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग से निगरानी रखी जाएगीए इसके लिए ट्रायल रन भी लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने ये जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग निगरानी सामान्य रूप से दो स्तरीय होगी, जिसमें राज्य नियंत्रण कक्ष तथा जिला नियंत्रण कक्ष शामिल है। उन्होंने बताया कि जिला में 40 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा से 10-10 मतदान केंद्र वेबकास्टिंग के लिए चिह्नित किए गए हैं। इन पर 14 मई को वेबकास्टिंग ट्रायल रन भी लिया गया है। उन्होंने बताया कि वेबकास्टिंग ट्रायल के दौरान 40 कैमरे में से 26 कैमरें ऑनलाईन दिखाए और 12 कैमरें ऑफलाइन दिखाए गए। वेबकास्टिंग ट्रायल बाबत सभी विधानसभा एआरओ को जरूरी निर्देश दिए गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल ने बताया कि प्रदेश में 25 मई 2024 को मतदान होगा, इसके मद्देनजर सभी मतदान केंद्रों पर कड़ी नजर रखी जाएगी, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की गलत गतिविधि न कर सके। इसको लेकर जिला स्तर चिन्हित 40 मतदान केंद्रों की डेमो वेबकास्टिंग की गई है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर के साथ.साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी स्तर पर सभी चिह्नन्ति मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग द्वारा निगरानी की जाएगी। किसी भी मतदान केंद्र पर मतदान के दिन यदि कोई शरारती तत्व कुछ भी गलत करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करवाना ही लक्ष्यः स्वीप टीम

■ स्वीप टीम ने ज्यादा से ज्यादा मतदान करने को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ दादरी जिले में स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियां जारी हैं। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण शिविर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और मतदाता जागरूकता शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करवाए। अभियान स्वीप टीम और नंदिनी युवा क्लब ने आयोजित किया। दादरी स्वीप नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेंद्र सिंह के निर्देशन में शत प्रतिशत मतदान के लिए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप के जरिए प्रदान की जा रही मतदाता सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।



चरखी दादरी। मतदान के प्रति जागरूक करते स्वीप टीम सदस्य।

#### मताधिकार का प्रयोग लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक

उन्होंने कहा कि मताधिकार का प्रयोग प्रतिनिधि लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है। युवा क्लब प्रधान ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र एवं दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी का घर भी है। प्रत्येक नागरिक अपने एक वोट के महत्व को जानता है। लोकतंत्र में एक वोट कभी बेकार नहीं जाता, आने वाली 25 तारीख को अधिक से अधिक संख्या में सभी वोट डाले एवं सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड कर हजारों के इनाम जीते।

# मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता स्लिप की वितरित

■ विस क्षेत्रों के 482 मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जिले में लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता सूचना स्लीप वितरित की जाएगी। संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों ने इन स्लीप को बांटने का कार्य शुरू कर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि आयोग के निर्देशों पर चुनाव कार्यालय द्वारा सभी मतदाताओं को उनके घर पर फोटोयुक्त मतदाता सूचना स्लीप पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर इस कार्य को पूरा करेंगे। यह स्लीप मतदान के दौरान पहचान पत्र के तौर पर कार्य करेगी। बीएलओ द्वारा वितरित की जाने वाली ये स्लीप केवल संबंधित मतदाता या उसके परिवार के सदस्य को ही वितरित की जाएगी। किसी पड़ोसी या अन्य व्यक्ति को फोटोयुक्त मतदाता सूचना स्लीप नहीं दी जाएगी। मतदान के दिन 25 मई से पांच दिन पहले स्लीप वितरण का कार्य पूरा किया जाना है। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाता सहायता केंद्र कार्य करेगा जहां उस मतदान केन्द्र का संबंधित बीएलओ उपस्थित रहेगा। उन्होंने कहा कि जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के 482 मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मतदाता स्लीप वितरण कार्य में अगर किसी भी तरह की कोताही की गई तो संबंधित बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के लिए 25 मई को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा।

# 200 मीटर दायरे से बाहर ही बनेगा चुनावी बूथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

मतदान के दिन कोई भी राजनीतिक दल मतदान केंद्र के 200 मीटर दायरे में अपना चुनावी बूथ नहीं बना सकता, जिस भवन या परिसर में एक से ज्यादा मतदान केंद्र बनाए गए हैं, वहां पर भी प्रत्याशी 200 मीटर दूरी से बाहर अपना केवल एक चुनावी बूथ बना सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि मतदान केंद्र के बाहर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी द्वारा बनाए जाने वाले अस्थायी बूथ में एक मेज तथा दो कुर्सी लगाई जा सकती है और ऊपर बड़ी छतरी या कपड़ा लगा सकते है जो मौसम के हिसाब से धूप से बचाव करें। उन्होंने कहा कि स्थापित किए जाने वाले बूथ से मतदाताओं को उनके वोट से संबंधित जानकारी जैसे वोट नम्बर, पहचान पत्र आदि दी जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभिन्न प्रत्याशियों व पार्टियों द्वारा वोटर स्लिप का प्रकाशन निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार होना चाहिए और स्लिप के ऊपर किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी का नाम और चुनाव चिन्ह नहीं होना चाहिए। वोटर स्लीप केवल सफेद रंग की हो सकती है। राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों द्वारा बूथ पर लगाई ड्यूटी वाले लोगों के पास निर्वाचन आयोग द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र होना जरूरी है जो, सेक्टर मजिस्ट्रेट पर्यवेक्षक द्वारा मांगे जाने पर दिखाना होगा।



भिवानी। मतदाताओं को जागरुक करते युद्धवीर खरेटा। फोटो: हरिभूमि

### ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने युवाओं को दिलाई मतदान की शपथ

तोशाम। मतदान प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार होता है। मतदान से नागरिक देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान दे सकता है। मतदान में हमारे देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि प्रत्येक वर्ष हमारे देश में लाखों युवाओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाता है। इसी कड़ी में मतदाताओं को उनके दायित्व का बोध करवाने व शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम स्वराज किसान मोर्चा द्वारा गठित गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट की खावा टीम ने वीरवार को ईशरवाल, रोढ़ा, देवावास, बुसान आदि गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नागरिकों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदान का बहुत महत्व है। इसके माध्यम से जनता शासन व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती है। मतदान न करने वालों में अधिकतर संख्या विद्यार्थी एवं बुजुर्गो की है।

# घर बैठे डाउनलोड कर सकते हैं डिजिटल वोटर कार्ड : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

लोहारू विस क्षेत्र के एआरओ एवं एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ते दौर में भारत निर्वाचन आयोग ने भी लोकसभा आम चुनाव 2024 से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरू कर रखी है। एसडीएम अमित ने बताया कि मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम है या वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेजकर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या आयोग की वेबसाइट से वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाऊनलोड कर सकते हैं। खास बात ये है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है, इसे प्रिंट भी करवाया जा सकता है। ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

# पोलिंग पार्टियों के लिए तैयार हो रहे बैग

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

25 मई को मतदान के समय प्रयोग में लाई जाने वाली सामग्री के बैग तैयार होने शुरू हो गए हैं। पोलिग पार्टियों के लिए जरूरी सामग्री और स्टेशनरी वाले बैग तैयार कराए जाने का कार्य चौ. बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहा है। लोकसभा चुनाव के मतदान की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और अब अधिक समय शेष नहीं है। मतदान सकुशल संपन्न कराने के लिए पोलिग पार्टियों को निर्वाचन आयोग की ओर से दी गई व्यवस्था के तहत जरूरी सामग्री और स्टेशनरी उपलब्ध कराई जाती है। तहसीलदार अंकित बैनीवाल व नायब तहसीलदार रीतू पूनियां के पर्यवेक्षण में चौण बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में ही बैग की चुनाव कर्मियों के माध्यम से पैकिंग कराई जा रही है। एआरओ एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने चौ. बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में पंहुचकर तैयारियों का जायजा लिया व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मतदान करवाने को लेकर ईवीएम, वीवीपैट से लेकर मतदान दल को दिए जाने वाले मतदान सामग्री बैग तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मतदान दल पोलिंग स्टेशनों के लिए ईवीएमए वीवीपैट और मतदान सामग्री से लैस होकर 24 मई को रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्र पर मतदान के समय आने वाली छोटी से बडी चीज का ध्यान रखा जा रहा है।



तोशाम। चुनावी थैलों की जांच करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

# मतदान के लिए घर-घर जाकर दी जा रही वोटर स्लिप

लोहारू। भारत एवं हरियाणा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव में 25 मई को मतदान करने के लिए 22 मई तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वोटर स्लिप, मतदाता गाइड व आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। इस बारे विस क्षेत्र में नियुक्त सभी सुपरवाइजर एवं बीएलओ को निर्देश जारी कर दिए हैं। लोहारू विस क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि क्षेत्र के सभी सुपरवाइजर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे सभी मतदान स्तर अधिकारी अपने-अपने बूथ की वोटर स्लिप रानी झांसी लक्ष्मीबाई राजकीय पॉलटेक्निक संस्थान लोहारू से वोटर स्लिप, मतदाता गाइड व आमंत्रण पत्र प्राप्त कर 22 मई को सायं 4 बजे तक अपने बूथ के मतदाताओं को बांटकर उनके कार्यालय में रिपोर्ट करें। एसडीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 चुनाव का पर्व-देश का गर्व के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा कार्यालय द्वारा अनूठी पहल की गई है, जिसमें निमंत्रण पत्र तैयार किया है। निमंत्रण पत्र में श्लोग्न है-भेज रहे हैं निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 को भूल न जाना वोट डालने आने को। उन्होंने बताया कि बीएलओ वोटर स्लिप के साथ उक्त निमंत्रण पत्र भी परिवार को भेजेगा।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर अंतरविद्यालय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# डेंगू पेंटिंग प्रतियोगिता में हलवासिया की निकिता प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हलवासिया विद्या विहार के माध्यमिक विभाग प्रमुख आचार्या सुवीरा गर्ग व स्वास्थ्य विभाग भिवानी और हमारा अपना फाउंडेशन के संस्थापक सचिन जैन के नेतृत्व में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में अंतरविद्यालय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य डेंगू से अपने आप को कैसे सुरक्षित रखें रहा। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग भिवानी के डिप्टी सीएमओ डॉ. कृष्ण कुमार पधारे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में आचार्या बिजयालक्ष्मी व ब्लू बर्ड ग्लोबल स्कूल से आचार्य अमित व पब्लिक स्कूल बाल भवन से आचार्या नीना मेहता ने शिरकत की। प्रतियोगिता में शहर के तीन विद्यालयों से लगभग 70 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में छात्रों ने डेंगू की रोकथाम के ऊपर मनोहारी कलाकृतियों का निर्माण कर अपनी उत्कृष्ट कला का परिचय दिया। माधव सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं विद्यालय प्रशासन ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। मुख्यतिथि डॉ. कृष्ण ने कहा कि डेंगू वायरस संक्रमण है, जो संक्रमित मच्छरों के काटने से मनुष्य में फैलता है। डेंगू रोकथाम दिवस हर साल 16 मई को मनाया जाता है। इस अवसर पर आचार्या कविता तंवर, आचार्या वर्षा, आचार्य मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।



भिवानी। अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

#### हर सप्ताह कूलर, फ्रीज व पानी की टंकी की करें सफाई

डॉ. कृष्ण ने कहा कि डेंगू से बचने के लिए हर सप्ताह कुलर, फ्रीज, पानी की टंकी तथा प्रतिदिन मटके की सफाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत ने छात्रों को डेंगू के लक्षणों, कारणों व उपचारों की जानकारी दी। प्राचार्य विमलेश आर्य ने सभी छात्रों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रशंसा की।

#### ये रहा परिणाम

हलवासिया विद्या विहार की कक्षा आठवीं की निकिता ने प्रथम, कनिका ने द्वितीय, सातवीं की हिमांशी ने तृतीय, ब्लू बर्ड ग्लोबल स्कूल की सातवीं में सोनाक्षी ने प्रथम, देव गुर्जर ने द्वितीय तथा भानुप्रताप ने तृतीय, कक्षा दसवीं में पब्लिक स्कूल बाल भवन के अभिषेक ने प्रथम, ग्यारहवीं से महक ने द्वितीय, बारहवीं से रौनक ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

# बच्चों को गुड एवं बेड टच की दी जानकारी

■ बच्चे हर छोटी-बड़ी बातें अपने माता-पिता से हर रोज सांझा करें : कमलेश

■ पुलिस को देखकर घबराए नहीं बेझिझक होकर समस्याएं बताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देशानुसार जिला पुलिस चरखी दादरी द्वारा महिलाओं, छात्राओं व बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति लगातार जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आर्य संस्कृत महाविद्यालय गुरुकुल में बच्चों को गुड टच व बैड टच की जानकारी दी गई। बच्चों को संबोधित करते हुए महिला थाना प्रबंधक निरीक्षक कमलेश के कहा कि आप सभी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं, इसलिए आपको अपने कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी होनी चाहिए और पुलिस को अपना मित्र समझने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पुलिस को देखकर हमें डरना व घबराना नहीं चाहिए, बल्कि हमें यह समझना चाहिए कि पुलिस आपकी मदद के लिए है। आप बेझिझक होकर पुलिस के सामने अपनी समस्या रख सकते हैं। बच्चे हर छोटी बड़ी बातें अपने माता-पिता से हररोज सांझा करें ताकि कोई अनहोनी न हो। अगर बच्चा समय रहते शोषण संबंधी जानकारी माता-पिता या अध्यापकों को दें तो वे शोषण से बच सकते हैं।



चरखी दादरी। बच्चों को जानकारी देते निरीक्षक कमलेश। फोटो: हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## श्रीभगवत वाटिका का वार्षिकोत्सव 18 से

**भिवानी।** देवसर मोड स्थित आश्रम श्रीभगवत वाटिका का 17वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 18 से 20 मई तक श्रीभगवत वाटिका जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। आचार्य सुरेश कौशिक ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रमों के तहत 18 मई को विग्रहों का सहस्धारिभषेक प्रातः 11 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 मई को प्रातः 8 बजे रामायण अखंड पाठ प्रारंभ एवं सांय 4 से 6 बजे तक भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महामंडलेश्वर करूणागिरी महाराज का सान्निध्य रहेगा। 20 मई को प्रातः 8 बजे रामायण पाठ पूर्ण एवं प्रातः बजे रूद्राभिषेक व दोपहर 12 बजे हवन एवं प्रसाद वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में जोगीवाला मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज का सान्निध्य रहेगा।

## युवक से ऑनलाइन धोखाधड़ी, 97 हजार ठगे

**तोशाम।** सुंगरपुर निवासी युवक के खाते से किसी अज्ञात ने ऑनलाइन धोखाधड़ी करके 97 हजार रुपये ठग लिए, जिसकी शिकायत पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को दी है। सुंगरपुर निवासी जितेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह खेती-बाड़ी करता है और बैंक में उसका खाता है। पीड़ित जितेंद्र ने बताया कि 9 से 24 मार्च के दौरान किसी अज्ञात ने ऑनलाइन धोखाधड़ी करके 7 ट्रांजेक्शन के माध्यम से उसके खाते से 97 हजार रुपये निकाल लिए । पीड़ित ने अपने पैसे वापस दिलवाने की गुहार लगाई है।

# ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से गोपी में ईंधन में भड़की आग

## भिवानी और दादरी जिले की फायर ब्रिगेड ने ढाई घंटे में पाया काबू





बाढड़ा। शार्ट-सर्किट से लगी आग का दृश्य और ईंधन में लगी आग को बझाते दमकल कर्मी। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीणों का तूड़ा, उपले, लकड़ियां व ज्वार की फसल आग की चपेट में आई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

गांव गोपी में वीरवार को ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट होने के कारण ईंधन व तूड़े में आग लग गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग काफी अधिक फैलने के कारण काबू नहीं पाया जा सका।

इसी दौरान फायर ब्रिगेड को जानकारी दी गई जिसके बाद बाढ़ड़ा से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। लेकिन आग अधिक फैलने व काबू ना पाता देख व समीप में रिहायशी मकान होने के कारण लोहारू से फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुलाया। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग व फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत से करीब ढाई घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन इससे पहले तूड़ा, उपले, लकड़िया व ज्वार की फसल आग की चपेट में आने से ग्रामीणों को काफी नुकसान हो गया। ग्रामीण अजय कुमार, रणधीर शर्मा, सुनील कुमार, चरण सिंह, राजेश,ओमबीर, जगबीर दलाल आदि ने बताया कि गोपी में फि रनी के समीप काफी लोगों ने उपले, लकड़िया आदि ईंधन एकत्रित कर रखा था। इसके अलावा वहां पर पशुचारे के लिए तूड़ा भी रखा हुआ था। वीरवार को वहां लगे ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलने के कारण ईंधन में आग लग गई। जिसके बाद गर्मी का मौसम होने वे हवा चलने के कारण आग तेजी से फैल गई और ईंधन को चपेट में ले लिया और देखते ही देखते तूड़ा भी आग की भेंट चढ़ गया। इस दौरान ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद बाढ़ड़ा से फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आग काफी अधिक फैल चुकी थी और एक गाड़ी से काबू ना होता देख साथ लगते भिवानी जिले के लोहारू से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मंगवाई गई। जिसके बाद दोनों गाड़ियों ने करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत से समीप के ट्यूबवैल से पानी भरकर आग पर काबू पाया ।

### इनका हुआ नुकसान

ग्रामीणों ने बताया कि आग के कारण पशुपालक बिजेंद्र का तूड़ा, साथ लगते रामअवतार स्वामी के खेत में पशुचारे के लिए लगाई गई ज्वार की फसल व ग्रामीण बबलू, रामरत्न, रोहताश, नरेश, कुलदीप, मास्टर सूबे सिंह, सुनील, रामफल, संतलाल, रोहित, भरथ सिंह, कमल सिंह आदि कई लोगों का ईंधन जलकर राख हो गया।

# पारा 43 पार, लू के थपेड़ों से हुए लाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ बार-बार लगने वाले बिजली कट ने बढ़ाई परेशानी

कई पश्चिमी विक्षोभ आने की वजह से मौसम कभी गरम तो कभी नरम बना रहा,लेकिन पश्चिमी विक्षोभ का असर हटते ही पारे ने छलांग मार दी है। लू के थपेड़ों की वजह से पारा 43 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को पार कर गया। हालांकि दिन में एक दो बार आसमान में हलके बादलों की आवाजाही से पारे पर थोड़ी सी लगाम कसी रही,लेकिन गर्म हवा चलने की वजह से हर कोई लाचार नजर आया। दूसरी तरफ पारा बढ़ने की वजह से जिला प्रशासन ने भी लू से बचने की एडवाइजरी जारी कर दी। साथ ही बिना कार्य बाहर कोई भी व्यक्ति बाहर न निकले। अगर निकलना भी पड़े तो गर्मी से बचने के उपायों के साथ जाए।

सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त सूर्य देव तेजी के साथ निकले। धूप में तेजी होने की वजह से कुछ ही देर बाद मौसम गर्म हो गया। दस बजे के बाद पश्चिमी हवा ने तेजी पकड़ी। हवा चलते ही लू के थपेड़ों से हर कोई बेहाल नजर आया। गर्मी से बचने के लिए लोग पंखों, ऐसी के सहारे बैठे दिखे। ज्यादा गर्मी के चलते बिजली के भी बार बार कट लगे,लेकिन कुछ देर कट लगने के अगले ही क्षण बिजली की सप्लाई फिर से चालू हुई। शाम पांच बजे तक सूर्य देव उसी तरह से आग उगलते नजर आए।

## नागरिक लू से बचाव के लिए करें उपाय और पक्षियों व पशुओं के लिए पानी रखें : उपायुक्त

**भिवानी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 4.5 दिनों में राज्य में शुष्क मौसम, तापमान में वृद्धि और लू की स्थिति रहने की चेतावनी जारी की है। यह स्थिति 19 मई तक स्थिर रह सकती है। इस हीटवेव से जिला भी अधिक प्रभावित हो सकता है। ऐसे में सभी नागरिक मौसम को देखते हुए कुछ जरूरी एहतियात बरतें और पक्षियों व पशुओं के लिए भी पानी का प्रबंध करें।

**चार पांच दिन रहेगा मौसम शुष्क:** उपायुक्त नरेश नरवाल ने हीटवेव को देखते हुए जिलावासियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि 4.5 दिनों के दौरान मुख्य रूप से शुष्क मौसम और आसमान साफ रहने की संभावना है। इस अवधि के दौरान अपना जरूरी कार्य सुबह और शाम को करें। दोपहर को बहुत जरूरी कार्य हो तभी घर से बाहर जाएं अन्यथा घर पर ही रहें। इस दौरान बुजुगोंर्, पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों और शिशुओं का विशेष ध्यान रखें और उन्हें गर्मी से बचाएं। हल्के रंग के हल्के सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर निकलते समय अपना सिर ढकें इसके लिए कपड़े, टोपी या छाता का उपयोग करें। बार.बार पानी पिएं। प्यास न होने पर भी पर्याप्त पानी पिए। खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस, घर का बना पेय, तोरण चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें।

**पशु पक्षियों का रखा जाए विशेष ध्यान :** डीसी ने बताया कि लोग पशु.पक्षियों का भी विशेष ध्यान रखा जाए। पशु पालक व आमजन पक्षियों व पशुओं के लिए पानी का प्रबंध करें। पक्षियों के लिए पेड़ों पर स्कोरा आदि बांधें। उन्होंने बताया कि हरियाणा के उत्तरी हिस्सों में तापमान 41 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है।

# भाजपा के खाते में यहां विकास के नाम पर कुछ नहीं : राव दान सिंह

**22 को दादरी में आएंगे राहुल गांधी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा पर दादरी में 22 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी आएंगे। यहां से वह हरियाणा की चुनावी जनसभा की शुरूआत करेंगे। उक्त विचार इंडिया गठबंधन के महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा प्रत्याशी राव दानसिंह ने भिवानी की सब्जी मंडी, हनुमान गेट, हर हर महादेव धर्मशाला, ढाणी महताब के हालुवास गेट, फूलों वाला चौक, किरोडीमल मंदिर, बार एसोसिएशन कोर्ट, भंसी पाना मैन चौक, ब्राह्मण धर्मशाला, अजय सांगवान बैंक कॉलोनी, गवार फैक्ट्री के पीछे, अहीरों की गली, गुजरों वाला पार्क, हुड्डा मार्केट, हनुमान मंदिर चौक, कृष्णा कॉलोनी, पवन बुवानीवाला कार्यालय में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राव दानसिंह का जोरदार स्वागत किया। राव ने कहा कि जजपा पर कांग्रेस को भरोसा नहीं है। पहले वह अपने 10 विधायकों की परेड करवाए। जजपा केवल बरगला रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के खाते में यहां विकास के नाम पर कुछ नहीं है। जिस नेशनल हाइवे 152 डी का गुणगान किया जा रहा हे, उस पर जनता को भारी टोल टैक्स देना पड़ रहा है। राव दान सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश में 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को राजस्थान प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जुल्ली नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों को दौरा करेंगे।

## जिला व राज्य स्तर पर होगी मतदान केंद्रों की निगरानी: उपायुक्त

**चरखी दादरी।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जिले के सभी मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग निगरानी सामान्य रूप से दो स्तरीय होगी, जिसमें राज्य नियंत्रण कक्ष व जिला नियंत्रण कक्ष शामिल है। आयोग द्वारा वेब कास्टिंग निगरानी की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि प्रदेश में 25 मई को मतदान होगा, इसके मद्देनजर सभी मतदान केंद्रों पर कड़ी नजर रखी जाएगी, ताकि कोई असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की गलत गतिविधि न कर सके और निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव करवाए जा सकें। निर्वाचन आयोग ने सभी मतदान केन्द्रों की वेब कास्टिंग करवाने के निर्देश दिए हैं।

# विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं : धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़/भिवानी



भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार चौ. धर्मबीर सिंह ने वीरवार को अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांव खेड़ी, नावदी, रामपुरा, कांटी, बिहाली, नीरपुर, नांगल, राजपुरा, पृथ्वीपुरा, तोबड़ा, फतेहपुर, ताजपुर, भलवाड़ा, कुंजपुरा, बाछोद, सराय बहादुर नगर, सुराणी, छापड़ा सलीमपुर, खोड़, तिगरा, भोड़ी, गुजरवास, कटकई, मोहम्मदपुर, गढ़ी रूथल, खारीवाड़ा, कारिया, महासर, खैराणी, मोहलड़ा, राताकलां,गिरधरपुर,बोचडिय़ा, सलीमपुर, धनोदा, उनींदा, अटेली, बेपुर, गाणियार, बजाड़, चंदपुरा, सूजापुर आदि गांवों में जनसभाओं को संबोधित किया तथा भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान विभिन्न गांवों में पहुंचने पर चौ. धर्मबीर सिंह का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान धर्मबीर सिंह ने लोगों से शत.प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किए जाने का आह्वान किया। चौ. धर्मबीर सिंह ने लोगों से आह्वान किया कि विरोधियों के किसी भी भ्रामक प्रचार से बचे। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, वे केवल भ्रम की स्थिति बनाकर वोट हथियाना चाहते है। समय आ गया है कि मतदाताओं को यह पहचनना होगा कि इस लोकसभा क्षेत्र का भला कैसे हो सकता है। धर्मबीर सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को तोड़ने का काम किया क्योंकि उसकी नीति व नीयत देशवासियों के प्रति कभी ठीक नहीं रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता के लिए ऐसे लोगों से गठबंधन बनाए हुए है,जो कांग्रेस को कोसते है। इससे साबित होता है कि कांग्रेस को आमजन के हितों की नहीं, अपनी सत्ता की परवाह है। इस मौके पर विधानसभा से पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसीलिए वे ऐसा प्रचार करके नागरिकों को भ्रमित करना चाहते है। इस मौके पर रोशन कुमार, विकास, अशोक यादव, राजेंद्र यादव सहित भाजपा के सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोचार् के अध्यक्ष, संयोजक, शक्ति केंद्र प्रमुख, प्रभारी, बूथ प्रमुख, पालक, त्रिदेव सहित सरपंच, बीडीसी सदस्य व भाजपा अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चुनाव गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर

**चरखी दादरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधियों को सहन नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण चुनाव करवाना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। डीसी ने कहा कि चुनाव मैदान में बचे उम्मीदवार भी चुनाव में धनबल व बाहूबल आदि का इस्तेमाल न करें, अन्यथा प्रशासन की ओर से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की जाएगी जिससे मतदाताओं को मतदान के लिए स्वतंत्र माहौल प्रदान होगा। जिला प्रशासन चुनाव के मामले में पूरी तरह निष्पक्ष है और पूरी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष व शांति से सम्पन्न करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार पर समान तरीके से नजर रखी जा रही है। प्रशासन को मिल रही शिकायतों पर निश्चित तौर पर नियमानुसार उचित कार्रवाई होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

# छात्र अपने परिजनों को वोट डालने के लिए लेकर जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

- असावरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को समझाई मतदान में उनकी भूमिका
- ऑनलाइन सेल्फी प्रतियोगिता की जानकारी दी



बाढ़डा। विद्यार्थियों को संबोधित करते बाढ़ड़ा एसडीएम सुरेश कुमार

असावरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को उनकी भूमिका समझाई गई। कार्यक्रम में बाढ़ड़ा एसडीएम सुरेश कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत हुए कहा कि छात्र जिम्मेदारी उठाएं और परिजनों को मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर लेके जाएं और दादरी जिले में शत प्रतिशत मतदान में अपनी भूमिका निभाएं।

स्वीप टीम द्वारा डीएसएम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बाढ़डा एसडीएम सुरेश कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं को अपने पसंद का उम्मीदवार को चुनने का अधिकार है। सभी छात्र अपने अपने परिजनों को समझाएं और चुनावों में भागीदारी करवाएं। देश के विकास में युवा वर्ग का अहम रोल होता है, इसलिए 25 मई को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बनें। इस अवसर पर छात्रा हिमांशी राणा और प्रिया सांगवान ने भाषण के जरिए मतदान के महत्व से अवगत करवाया। स्वीप टीम सदस्य हरपाल आर्य, सुंदरपाल फोगाट और रविंद्र जाखड़ ने छात्रों को हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दिन ऑनलाइन सेल्फी प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी और छात्रों को ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय निदेशक अरुण सांगवान ने इस अवसर पर आश्वासन दिया कि सभी छात्रों को इस बारे में चुनावों तक निरंतर प्रेरित किया जाएगा।

## प्रशिक्षण शिविर में अनुपस्थित रहने वालों को जारी किया नोटिस

**भिवानी।** बवानीखेड़ा विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा एडीसी हर्षित कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर चल रहे चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा.134 के विरूद्ध एफ आईआर दर्ज करवाई जाएगी। एडीसी हर्षित कुमार ने बताया कि बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए महिला आदर्श महाविद्यालय में ईवीएम ट्रेनिंग चल रही है।

### होगी कार्रवाई

इस ट्रेनिंग में लोकसभा चुनाव के लिए जरूरी प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण शिविर में कुछ अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित रहे हैं, उनको स्थिति स्पष्ट करने का नोटिस जारी किया गया है। अगर ये अधिकारी व कर्मचारी स्थिति स्पष्ट नहीं करते है तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने इन अधिकारियों व कर्मचारियों की अनुपस्थिति को अनुशासनहीनता एवं आदेशों की उल्लंघना बताते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए है।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने में माइक्रो ऑब्जर्वर की अहम भूमिका**

# सीईओ ने माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देतें अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

लोकसभा निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए नियुक्त किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर को पंचायत भवन में प्रशिक्षण दिया गया। जिला परिषद सीईओ अशवीर नैन ने ईवीएम व वीवीपैट की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान प्रक्रिया के दौरान बरती जाने वाली गोपनीयता पर विशेष नजर बनाए रखें।

प्रशिक्षण में अशवीर नैन ने माइक्रो आब्जर्वर को मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया तथा उनके कार्य एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने में माइक्रो ऑब्जर्वर की अहम भूमिका होती है। ऐसे में आप सभी को 25 मई को मतदान केंद्र पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय पर पहुंच जाना है और मॉक पोल सहित मतदान की पूरी प्रक्रिया का सूक्ष्म अवलोकन करना है। मॉक पोल से लेकर वास्तविक मतदान प्रारंभ होने के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के कंट्रोल यूनिट की सीलिंग पर भी नजर रखनी है। उन्होंने कहा कि सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को पोलिंग एजेंट पर भी नजर रखनी है कि मॉक पोल के दौरान वह उपस्थित हुए या नहीं। इसके साथ ही प्रत्येक घंटे में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और मतदाता रजिस्टर से आंकड़े का मिलान करते रहेंगे, ताकि मतदान की स्थिति स्पष्ट होती रहे। दोपहर तीन से पांच बजे तक कतार में कितने मतदाता उपस्थित थे इसकी भी रिपोर्ट देनी है। अंतिम समय में कितने मतदाता ऐसे उपस्थित थे, जिनको पीठासीन पदाधिकारी के द्वारा टोकन दिया गया। कुल मतदान की संख्या और उसका प्रतिशत भी दर्ज करेंगे। उन्होंने सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान केंद्र में हो रही हर गतिविधियों की समय.समय पर जिला मुख्यालय को रिपोर्ट भेजते रहें।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू
12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET
S.S.C.
अग्निवीर
C.E.T.
रेलवे
N.D.A.
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973